मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-66
02/02/2025

# प्रगति यात्रा के चौथे चरण में मुख्यमंत्री ने बांका जिले को दी लगभग 363 करोड़ रुपये की सौगात, कुल 178 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 02 फरवरी 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के चौथे चरण में आज बांका जिले को 362 करोड़ 76 लाख 77 हजार रुपये की लागत से कुल 178 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 128 करोड़ 50 लाख 94 हजार रुपये की लागत से 161 योजनाओं का उद्घाटन तथा 234 करोड़ 25 लाख 83 हजार रुपये की लागत से 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में रजौन प्रखंड के नवादा खरौनी पंचायत स्थित स्मार्ट विलेज (उन्नति ग्राम), बाबरचक का फीता काटकर मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने स्मार्ट विलेज, बाबरचक का भ्रमण कर उपलब्ध करायी गई बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, बाबरचक का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने बच्चों एवं शिक्षकों से बातचीत की। बच्चों ने ताली बजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप सभी खूब मन लगाकर पढ़िए और आगे बढ़िए। जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत सृजित कराए गए तालाब का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे ढंग से यहां तालाब का निर्माण कराया गया है। इसके किनारे लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराया गया है। मुख्यमंत्री ने तालाब के किनारे पौधारोपण भी किया। स्मार्ट विलेज, बाबरचक में जीविका समूह के ग्रामीण हाट का भी मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। इस दौरान जीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा विभिन्न निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद से हम महिलाओं का कल्याण हुआ है। हम सभी जीविका दीदियों की आर्थिक स्थिति में निरंतर बेहतरी आ रही है। हम सभी काफी खुश हैं, हमारे बच्चे पढ़ रहे हैं। जीविका समूह से जुड़कर हमलोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। सरकार की तरफ से जीविका समूह एवं उनसे जुड़ी जीविका दीदियों को बढ़ाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है ताकि सभी जरुरतें जो होंगी उसे पूरा किया जाएगा।

प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी, सतत् जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों के विभिन्न जीविका समूहों से जुड़ी दीदियों को व्यवसाय हेतु 3 करोड़ 67 लाख 55 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, जीविका संपोषित स्वयं सहायता समूह को विभिन्न बैंकों के माध्यम से 65 करोड़ 34 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत् जीविकापार्जन योजना अंर्तगत ई–रिक्शा की चाबी आदि लाभुकों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने स्मार्ट विलेज, बाबरचक स्थित समेकित बाल विकास परियोजना का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध करायी गई सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के बच्चों एवं शिक्षिकाओं से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने शिक्षिकाओं से कहा कि बच्चे ही हमारी भावी पीढ़ी हैं, जो देश का भविष्य हैं, इन्हें ठीक ढंग से पढ़ाइये। इन्हें इस ढंग से पढ़ाइये कि पढ़ाई के प्रति इनकी रुचि बढ़े और यह एक अच्छा नागरिक बन सकें।

बिहार महादलित विकास मिशन अंतर्गत निर्मित कराए गए सामुदायिक भवन सह वर्क शेड आदर्श ग्राम बाबरचक का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्मार्ट विलेज बाबरचक में बसाये गये भूमिहीन परिवारों के बीच बासगीत पर्चा प्रदान किया। जिलाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह उन्नति ग्राम स्मार्ट विलेज, बाबरचक गैरमजरूआ जमीन पर स्थापित गया है जिनमें वैसे परिवारों को बसाया गया है जो बेघर और भूमिहीन हैं। इस आदर्श ग्राम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु विद्यालय चिकित्सा सेवाओं के लिए स्वास्थ्य केंद्र, प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल मैदान, ग्रामीण हार्ट, सामुदायिक भवन जैसे हर प्रकार के बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। स्मार्ट विलेज बाबरचक के भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित खेल मैदान का उद्धघाटन कर निरीक्षण किया। इस दौरान खिलाड़ियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत भी की। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार, सामाजिक सुरक्षा (संशोधन) योजना के तहत 50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री निजी (अन्य प्रजाति) पौधशाला के तहत प्रोत्साहन 1 लाख 80 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना का अंतर्गत सामाजिक पुनर्वास कोस का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से 4 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की चाबी लाभुकों को प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ओढ़नी डैम द्वीप रिजॉर्ट, बांका का उद्घाटन कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने रिजॉर्ट के प्रशासनिक भवन, रेस्टोरेंट का जायजा लिया। इस दौरान निर्माणाधीन थीम पार्क तथा कॉटेज का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल बांका के लिए अमरपुर प्रखंड के राजपुर मौजा में चिन्हित की गई भूमि का स्थल निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बांका चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल का निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू कराएं। इस अस्पताल के बन जाने से बांका एवं आसपास के लोगों को चिकित्सकीय परामर्श पाने एवं इलाज कराने में सुविधा मिलेगी।

बांका जिले के अमरपुर प्रखंड अंतर्गत 534.53 करोड़ रुपये की लागत से सुल्तानगंज–तारापुर–बेलहर–कटोरिया–चांदन–दर्दमारा पथ (एस0एच0–22) एवं पथ प्रमंडल–बांका अंतर्गत 255.18 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर–अमरपुर–बांका पथ (एस0एच0–25) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अधिकारियों ने साइट मैप के माध्यम से विकसित किए जाने वाले इन पथों के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पथों का विकास ठीक ढंग से कराएं। इन सड़कों के चौड़ीकरण हो जाने से वाहनों का परिचालन सुचारू रुप से होगा। लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही समय की बचत भी होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बांका पुलिस केंद्र के प्रांगण का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बांका पुलिस केंद्र के परेड ग्राउंड को ठीक ढंग से विकसित कराएं ताकि यहां लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पुलिस केंद्र के परिसर में खेल–कूद, रनिंग ट्रैक एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण भी करायें।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खेल मंत्री सह बांका जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेंद्र मेहता, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, विधायक श्री मनोज यादव, विधायक श्री भूदेव चौधरी, विधान पार्षद श्री विजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्री मनीष कुमार, मुख्यमंत्री क प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त श्री दिनेश कुमार, भागलपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री विवेक कुमार, बांका के जिलाधिकारी श्री अंशुल कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******